RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 30 अक्टूबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 200 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

महाराष्ट्र के साथ भेदभाव कर रही केंद्र सरकार - शरद पवार



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र चुनाव: अंतिम घड़ी में अजित पवार का बड़ा दांव

# मानखुद खुर्द शिवाजी नगर से नवाब मलिक को उतारा

**इस सीट पर जीत की हैट्रिक जमा चुके हैं अबू आजमी...**

मुंबई: महाराष्ट्र में अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने नामांकन के आखिरी दिन चौंकाने वाला दांव चल दिया। एनसीपी ने मानखुद शिवाजी नगर सीट से नवाब मलिक को मैदान में उतारा है। पिछली बार इस सीट से समाजवादी पार्टी के अबू आसिम आजमी जीते थे। नवाब मलिक ने अंतिम घंटों में चौंकाते हुए मानखुद शिवाजी नगर ने नामांकन भी दाखिल कर दिया। नवाब मलिक की बेटी सना मलिक शेख अणुशक्ति नगर से चुनाव लड़ रही हैं। 2019 में नवाब मलिक ने यहां से जीत हासिल की थी। नवाब मलिक की बेटी के सामने शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने अभिनेत्री स्वरा भास्कर के पति फहाद अहमद को मैदान में उतारा है।



### आखिर तक बनाए रखा सस्पेंस

अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने नवाब मलिक के चुनाव लड़ने को लेकर आखिर तक सस्पेंस बनाए रखा। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी तीन बार मानखुद शिवाजी नगर से जीत हासिल कर चुके हैं। एक दिन पहले 28 अक्तूबर को अबू आसिम आजमी ने फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद की मौजूदगी में मानखुर्द शिवाजी नगर से पर्चा दाखिल किया था। पिछली बार अबू आसिम आजमी शिवसेना को हराकर चुनाव जीते थे। उन्होंने 25,613 वोटों से जीत हासिल की थी। अबू आजमी पहली बार 2009 में जीते थे। अभी तक मानखुर्द शिवाजी नगर की सीट सपा का अभेद्य गढ़ रही है।

### अजित पवार का बड़ा दांव

पहले जब अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने अणुशक्ति नगर सीट से सना मलिक शेख को उम्मीदवारी घोषित की थी तब यह चर्चा सामने आई थी कि बीजेपी के दबाव के चलते एनसीपी ने नवाब मलिक से दूरी बनाई है, लेकिन नामांकन के कुछ घटों पर पहले जब एनसीपी की तरफ नवाब मलिक को एबी फार्म देने की जानकारी दी गई तो साफ हो गया कि एनसीपी ने एक रणनीति के खेला किया है। पहले यह कहा गया था नवाब मलिक के अंडरवर्ल्ड के साथ कथित आरोपों के चलते उनका उम्मीदवारी रद्द हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# 43 वर्षीय महिला के खाते से 15.23 लाख रुपए गायब




**मुंबई :** मलाड की 43 वर्षीय महिला ने दावा किया है कि उसके खाते से 15.23 लाख रुपए गायब हो गए, जबकि उसने अपनी निजी बैंकिंग जानकारी किसी को नहीं बताई थी। 25 अक्टूबर को पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में जिग्ना पंचाल ने कहा कि वह गृहिणी है और मलाड पश्चिम में पंजाब नेशनल बैंक की ओरलेम शाखा में उसके दो खाते हैं - बचत और सावधि जमा। उसने दावा किया कि उसके बचत खाते में 5.02 लाख रुपए शेष थे, जबकि सावधि जमा में 11.41 लाख रुपए थे। 20 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे पंचाल को उसके बैंक से लगातार तीन संदेश मिले, जिसमें वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) मांगा गया था। उल्लेखनीय रूप से, ये संदेश 18 और 19 अक्टूबर को भेजे गए थे। चूंकि उन्होंने हाल ही में कोई लेन-देन नहीं किया था, इसलिए उन्होंने तुरंत अपने ई-बैंकिंग खाते की जाँच की और यह देखकर चौंक गईं कि 17, 18 और 19 अक्टूबर को कई लेन-देन के जरिए उनके खातों से 5.01 लाख रुपये डेबिट किए गए थे।

अपनी शिकायत में, पंचाल ने कहा कि उन्हें उक्त तिथियों पर टेक्स्ट मैसेज या ईमेल के जरिए कोई लेन-देन की सूचना नहीं मिली। उन्होंने आगे जोर दिया कि उन्होंने अपने खाते की जानकारी, लिंक या ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं किए। उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क किया, जिसने उन्हें बताया कि उनके सावधि जमा खाते से 10.21 लाख रुपये का ओवरड्राफ्ट भी निकाला गया है। पंचाल को लगता है कि किसी ने अवैध रूप से उनके खातों तक पहुँच बनाई और अनधिकृत लेन-देन किए। उन्होंने उत्तरी साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# बीजेपी ने मीरा-भायन्दर से नरेंद्र मेहता को दिया टिकट...

## गीता जैन ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**मीरा भायन्दर :** 145 मीरा-भायन्दर विधानसभा सीट पर महायुति से टिकट की अटकलों पर नामांकन भरने के अंतिम दिन आज विराम लग गया। मंगलवार की सुबह बीजेपी ने इस सीट से नरेंद्र मेहता के नाम की अधिकृत घोषणा कर दी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए गीता जैन ने बीजेपी पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए दुख जताया और इस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, ह्वयह जनता का चुनाव है, जनता खुद अपने लिए मतदान करेगी और इस बार भी इतिहास दोहराएगी।ह्व उन्होंने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे ने उन्हें महायुति से टिकट दिलाने के लिए बहुत प्रयास किए और डीसीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी उन्हें आश्वासन दिया था, लेकिन अंतिम समय में उनका निर्णय बदल गया। इसे लेकर उन्होंने दुख जताया। वहीं, महायुति से बीजेपी का टिकट मिलने पर नरेंद्र मेहता ने खुशी जताई और इसके लिए सीएम शिंदे, डीसीएम फडणवीस और अजीत पवार का आभार जताया। मेहता ने कहा कि वे पिछला चुनाव हारने के दिन से ही संगठन को मजबूत करने और बढ़ाने के कार्य में जुट गए थे। इसके इनाम के रूप में ही बीजेपी ने उन्हें टिकट दिया है। उन्होंने कहा कि इससे बीजेपी के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं में खुशी तथा उत्साह का वातावरण है।





## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### 28602 करोड़ रुपये का होगा निवेश

मोदी सरकार ने 12 नए औद्योगिक शहर विकसित करने की जो घोषणा की थी, उसके अमल की दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिए गए हैं। 12 नए औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआइसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक शहरों को 10 राज्यों में फैले 6 प्रमुख औद्योगिक गलियारों के किनारे विकसित किया जाएगा। ये औद्योगिक क्षेत्र हैं उत्तराखंड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र में ओरवाकल तथा कोप्पर्थी और राजस्थान में जोधपुर-पाली। इन औद्योगिक शहरों से न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को गति भी मिलेगी। इससे भारत वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत कर सकेगा। इन औद्योगिक शहरों को वैश्विक मानकों के ग्रीन फील्ड स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप मल्टीमाडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा विकसित होगा, जो लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करेगा।इन औद्योगिक शहरों को पूरे क्षेत्र के परिवर्तन के लिए विकास केंद्र बनाने की परिकल्पना की गई है। इन औद्योगिक शहरों में 10 लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसमें पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए आईसीटी-सक्षम उपयोगिताओं और हरित प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है। इनके जरिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य है। राज्यों का योगदान जमीन के रूप में होगा और केंद्र सरकार इक्विटी या डेट उपलब्ध कराएगी। कुछ औद्योगिक टाउनशिप अन्य देशों के साथ मिलकर विकसित की जाएंगी। इन औद्योगिक पार्कों में वह जमीन शामिल होगी, जो सरकार द्वारा पहले ही अधिग्रहित है और जिसके लिए पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है। दूसरे, एकल खिड़की मंजूरी के लिए स्पेशल परपज व्हीकल बनाने का प्रस्ताव भी है। तीसरे, पार्कों को समर्पित माल ढुलाई गलियारे से लगे क्षेत्रों से जोड़ा जाएगा, जिससे लाजिस्टिक लागत में कमी आएगी।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

## टाटा प्लांट के उद्घाटन पर गरमाई राजनीति...

# महाराष्ट्र के साथ भेदभाव कर रही केंद्र सरकार - शरद पवार



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के बड़ौदा में एयरबस-टाटा के असेंबली प्लांट का उद्घाटन किया. इसके उद्घाटन के बाद से ही इस पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया. बुधवार के कांग्रेस के आरोप के बाद आज यानी मंगलवार को महाराष्ट्र के दिग्गज नेता और एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी केंद्र सरकार पर यही आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ एक राज्य के विकास की चिंता नहीं कर सकते. उन्होंने आरोप लगाया कि पहले यह प्लांट महाराष्ट्र में लगने वाला था, लेकिन प्रधानमंत्री के कहने पर इसे गुजरात में शिफ्ट कर दिया गया. सोमवार को कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार ने महाराष्ट्र के साथ पक्षपात किया है. रमेश ने आरोप लगाया कि पहले यह प्लांट महाराष्ट्र में लगने वाला था, लेकिन पीएम मोदी के हस्तक्षेप के बाद इसे गुजरात में स्थानांतरित कर दिया गया. उन्होंने इस मुद्दे को महाराष्ट्र की अस्मिता से जोड़ते हुए कहा कि राज्य की जनता विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगी.

**टाटा चाहते थे महाराष्ट्र में लगे प्लांट**

पवार ने कहा कि रतन टाटा चाहते थे कि यह परियोजना महाराष्ट्र में लगे और उनके सुझाव पर नागपुर एमआईडीसी क्षेत्र में 500 एकड़ का प्लॉट इसके लिए चिह्नित किया गया था. यह मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान की बात है, जिसका मैं हिस्सा था. पवार ने बताया कि जब मोदी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने रतन टाटा को फोन करके इस प्लांट के गुजरात में स्थापित करने के लिए कहा.

उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह परियोजना महाराष्ट्र में लगती, तो राज्य में हजारों नौकरियां पैदा होतीं. पवार ने केंद्र सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे पहले जब मोदी ने फॉक्सकॉन के सेमीकंडक्टर प्लांट को महाराष्ट्र से गुजरात में शिफ्ट किया, तो इससे भी महाराष्ट्र से हजारों नौकरियां चली गईं. शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी एक राज्य के नहीं होते, बल्कि उन्हें पूरे देश के बारे में सोचना चाहिए. पवार के आरोपों पर सरकार या भारतीय जनता पार्टी ने अबतक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी हैं. इस प्लांट का उद्घाटन पीएम मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने किया.

# दिवाली पर भी हो सकती है बारिश, IMD ने दिया बड़ा अपडेट



**मुंबई :** दिवाली के जश्न का इंतजार कर रहे लोगों को मौसम की मार झेलनी पड़ सकती है क्योंकि मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए बारिश की संभावना जताई है. मुंबई के साथ ही ठाणे में भी बारिश हो सकती है. जबकि रायगढ़ के लिए बुधवार और गुरुवार को येलो अलर्ट जारी किया गया है. गुरुवार यानी 31 अक्टूबर को देश में दिवाली मनाई जाएगी. रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी 15 अक्टूबर को ही हो गई है. हालांकि इसके बाद भी बारिश जारी रही. आईएमडी के मुताबिक रविवार और सोमवार की सुबह मुंबई और उपनगरीय इलाके में कोई बारिश नहीं हुई और तापमान 33 और 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हालांकि मुंबई और ठाणे जिले में बुधवार को हल्की बारिश देखी जाएगी. गुरुवार और शुक्रवार को गरज के साथ बारिश होगी.

**भारी बारिश का नहीं है पूर्वानुमान**

आईएमडी ने रायगढ़ और रत्नागिरी में बुधवार और शुक्रवार के बीच येलो अलर्ट जारी किया. आईएमडी मुंबई के निदेशक सुनील कांबले ने कहा कि शहर में भारी बारिश नहीं होगी लेकिन शाम के वक्त गरज के साथ हल्की बारिश होगी.

मौसम वैज्ञानिक सुनील कांबले ने कहा, ''फिलहाल अरब सागर के ऊपर हवा का चक्रवात बना हुआ है जो कि समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर है. मौसम के इस सिस्टम के कारण ही हम आने वाले दिनों में कुछ बारिश की उम्मीद कर रहे हैं.रायगढ़ में येलो अलर्ट जारी किया गया है ऐसे में सिस्टम के प्रभाव से मुंबई में भी हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं.''

बता दें कि अक्टूबर मध्य में मानसून की वापसी के बाद भी मध्यम से भारी बारिश हुई है. इस अप्रत्याशित बारिश से मुंबई नगरी प्रभावित हुई है. बारिश के कारण नवरात्र के त्योहार में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा. वहीं, आईएमडी के डेटा को देखें तो मुंबई के सांता क्रूज स्टेशन में अक्टूबर में 86 मिलीमीटर और कोलाबा कोस्टल ऑब्जर्वेटरी में 131 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है.

## आईपीएस अधिकारी बनकर व्यवसायी से 1 करोड़ रुपये की ठगी




**नासिक:** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक 37 वर्षीय व्यक्ति को आईपीएस अधिकारी बनकर एक व्यवसायी से 1 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की पहचान गौरव रामचेश्वर मिश्रा के रूप में हुई है। उसने कथित तौर पर पुलिस की वर्दी पहनी थी, लालटेन लगी गाड़ी में यात्रा की और भारतीय रेलवे बोर्ड में महानिरीक्षक के रूप में नकली पहचान पत्र रखा था। एक अधिकारी ने कहा कि मिश्रा ने 2018 में शुरूआती परिचय के बाद व्यवसायी का विश्वास हासिल किया और उसे विभिन्न लेन-देन के माध्यम से 1 करोड़ रुपये के बदले रेलवे का ठेका दिलाने का वादा किया।

# मुंबई के वर्ली में बेटे ने मां की हत्या कर आत्महत्या करने की कोशिश की

**मुंबईः** मुंबई में बेटे ने अपनी मां की हत्या कर आत्महत्या करने की कोशिश की। यह दुखद घटना दो दिन पहले वर्ली में हुई। आर्थिक तंगी से परेशान होकर खुद की जान लेने का फैसला करने वाले बेटे ने अपनी बूढ़ी मां की हत्या कर खुदकुशी करने की कोशिश की, जो अब अस्पताल में है। घटनास्थल पर कथित तौर पर चार सुसाइड नोट मिले हैं। बताया जा रहा है कि पत्र में बेटे की आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव का जिक्र किया गया है। 26 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे वर्ली के गांधी नगर इलाके में शिवकल्प बिल्डिंग नंबर 5 की दूसरी मंजिल पर किराए के अपार्टमेंट में ललिता संबंधा (74) खून से लथपथ हालत में पड़ी मिलीं। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और तुरंत नायर को अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि वहां भर्ती होने से पहले ही उनकी मौत हो गई। इस बीच, चोट के कारण खून से लथपथ मिले बेटे को उसके रिश्तेदार और पड़ोसी इलाज के लिए वॉकर्ड




अस्पताल ले गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कमरे के मालिक देवदास सकपाल ने दो साल पहले 53 वर्षीय बालसनमुखम कुप्पुस्वामी को खुद और अपनी मां के लिए अपार्टमेंट किराए पर दिया था। लेकिन जब ललिता वहां रह रही थी, तब बालसनमुगम अपनी पत्नी और 24 वर्षीय बेटी के साथ जसलोक अस्पताल के पास मालाबार हिल में दरभंगा भवन में रहता था। पुलिस ने कहा कि पत्र से संकेत मिलता है कि उसकी पत्नी एक अलग जगह रह रही थी क्योंकि वह हमेशा अपनी मां से लड़ती रहती थी।

पत्नी सेवा कर विभाग में क्लास 2 अधिकारी है। बालसनमुख, जो पहले एक निजी कंपनी में प्रबंधक थे, ने अप्रैल में अपनी नौकरी खो दी। लेकिन चूंकि बालसनमुख ने 36 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण लिया था, इसलिए वह ईएमआई का भुगतान करने में असमर्थ था और इससे गंभीर तनाव हो गया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, वह नियमित रूप से अपनी मां से मिलने उनके अपार्टमेंट में जाता था। लेकिन वित्तीय दबाव ने उसे कमजोर कर दिया और आखिरकार उसने अपनी मां को दोनों की जान लेने की सलाह दी, पुलिस सूत्रों ने कहा। जांच के दौरान वर्ली पुलिस को चार अलग-अलग सुसाइड नोट मिले, जिनमें से प्रत्येक अलग-अलग लोगों को संबोधित था- पत्नी, बेटी, वर्ली पुलिस और अपार्टमेंट मालिक। इन नोटों में पुलिस को अवसाद के कुछ लक्षण मिले।

# नवी मुंबई 13 वर्षीय लड़के ने किया बहन के साथ बलात्कार... मामला दर्ज

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के खंडेश्वर इलाके में रहने वाले एक 13 वर्षीय लड़के पर अपनी 15 वर्षीय बहन के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने का मामला दर्ज किया गया था, क्योंकि वे दोनों साथ में पोर्न देखते थे। नवंबर 2023 में, मलाड पुलिस ने एक 27 वर्षीय डिलीवरी एग्जीक्यूटिव को गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर महिला ग्राहकों के फोन नंबर



सेव करके उन्हें पोर्न क्लिप भेजी थी। 2022 में, एक 14 वर्षीय लड़के पर अपने इलाके के 10 वर्षीय लड़के का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में सहार पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इन मामलों में आम बात यह है कि इंटरनेट पर पोर्नोग्राफि क सामग्री आसानी से उपलब्ध है। पोर्नोग्राफी के मनोवैज्ञानिक प्रभाव, इसके प्रसार को प्रतिबंधित करने के लिए दंडात्मक प्रावधानों और साथ ही इसे रोकने के लिए पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों को समझने के लिए गहनता से अध्ययन करता है।

# परीक्षा में धोखाधड़ी के प्रयास का पदार्फाश!

## दो छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**मुंबईः** मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध शहर के एक कॉलेज में एक शिक्षक द्वारा परीक्षा में धोखाधड़ी के प्रयास का पदार्फाश करने के बाद पुलिस ने दो छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जब एक डमी छात्र ने वित्तीय लेखांकन के पेपर का उत्तर देने का प्रयास किया, एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।समता नगर पुलिस स्टेशन के अधिकारी के अनुसार, रोशन अजय कुमार यादव और मनीष अरविंद कुमार यादव नामक दो छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।जांच में पता चला है कि मनीष यादव ने रोशन यादव को परीक्षा केंद्र में भेजा था, ताकि वह उनका स्थान ले सके, उन्होंने कहा।

यह घटना मुंबई के कांदिवली इलाके में निर्मला मेमोरियल फाउंडेशन कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस में हुई, जहां शिक्षक और परीक्षा निरीक्षक विनय विजय दुकाले विश्वविद्यालय की चल रही तीसरे वर्ष की परीक्षाओं की निगरानी कर रहे थे। वित्तीय लेखांकन परीक्षा के दौरान, एक महिला शिक्षक को एक छात्र की पहचान पर संदेह हुआ। उसके हॉल टिकट की जांच करने पर पता चला कि छात्र की पहचान मुंबई के लाठीबाई रामदार माहेश्वरी नाइट कॉलेज के मनीष यादव के रूप में हुई, जो वास्तव में पालघर जिले के नायगांव का रोशन यादव था।

पूछताछ करने पर रोशन यादव ने कबूल किया कि वह अपने दोस्त मनीष यादव की जगह परीक्षा दे रहा था, जो परीक्षा केंद्र के बाहर इंतजार कर रहा था। इस बात का पता चलने के बाद कॉलेज प्रशासन ने समता नगर पुलिस को सूचना दी।

## घाटकोपर में तेज रफ्तार ट्रक और दोपहिया वाहन की टक्कर में नौसेना के पूर्व अधिकारी की मौत !

**मुंबईः** मुंबई के घाटकोपर ईस्ट में कामराज नगर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और दोपहिया वाहन की टक्कर में 52 वर्षीय भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी विजय कुमार जोशी की दुखद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना शुक्रवार शाम को हुई, जिसमें जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए। पास के जेसीबी चालक मनीर अंसारी द्वारा उन्हें राजावाड़ी अस्पताल ले जाने के बावजूद अगले दिन उनकी मौत हो गई।

पंत नगर पुलिस ने लापरवाही के कारण मौत का कारण बनने के आरोप में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और टक्कर के बाद मौके से फरार चालक का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के बारे में आपातकालीन कॉल मिलने के बाद, एक गश्ती दल मौके पर पहुंचा और पाया कि पीड़ित को पीछे से एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने टक्कर मार दी थी।

# नवी मुंबई में 40 वर्षीय महिला से 94 लाख रुपये की धोखाधड़ी...

## फाइनेंस कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणेः** पुलिस ने तीन लोगों और एक फाइनेंस कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन लोगों ने नवी मुंबई में अपनी फर्म के उपकरणों को धोखाधड़ी से गिरवी रखकर 94 लाख रुपये का लोन लेकर 40 वर्षीय महिला से धोखाधड़ी की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों ने महिला व्यवसायी को बताया कि उसकी निजी कंपनी को अमरावती की एक फर्म से टेंडर मिलना है और इसके लिए लोन लेना जरूरी है।

वाशी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता की कंपनी की मशीनरी गिरवी रखकर 94,86,728 रुपये का लोन लिया और उसे हड़प लिया। बाद में पीड़िता ने वाशी पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# मानखुर्द शिवाजीनगर से भड़के सपा विधायक अबू आजमी

## 'हमने कांग्रेस को बहुत समझाया लेकिन...',

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन भरने की समय सीमा मंगलवार (29 अक्टूबर) को खत्म हो गई. महायुति से लेकर महाविकास अघाड़ी के घटक दलों ने कुछ मतभेदों के साथ अपने सभी उम्मीदवार उतार दिए. इस बीच मानखुर्द शिवाजीनगर से मौजूदा विधायक और महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आजमी ने महाविकास अघाड़ी में बात न बनने पर कांग्रेस को घेरा है.

बता दें कि मानखुर्द सीट से अजित पवार गुट ने नवाब मलिक तो वहीं एकनाथ शिंदे ने सुरेश पाटील को मैदान में उतारा है. अबू आजमी ने कहा, ''हमने कांग्रेस को यह समझाने की बहुत कोशिश की कि 1999 के बाद से वे कभी भी निर्वाचित नहीं हुए हैं और हम एमवीए को मजबूत करना चाहते हैं. जो लोग नफरत फैला रहे हैं और बाबा साहेब के संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं, उन्हें सत्ता में नहीं आना चाहिए.''

**मैं महाविकास अघाड़ी में बात करूंगा- अबू आजमी**

उन्होंने आगे कहा, ''इसलिए मैंने फॉर्म भरवाया. मैं बार-बार



कहता रहा कि आप लोग फॉर्म न भरें, मुझे सपोर्ट कर दीजिए. यहां एआईएमआईएम भी लड़ रही है लेकिन जीत समाजवादी पार्टी की होगी. ये हमारी सीट पहले से रह चुकी है. बिना अलायंस के मैं दोनों जगह से चुनकर आ चुका हूं तो मेरा ज्यादा अधिकार है. मैं महाविकास अघाड़ी में अभी बात करूंगा और समझाने की कोशिश करूंगा. मुझे उम्मीद है कि वो मेरी बात मानेंगे.''

**अबू आजमी ने 5 सीटों की मांग की थी**

समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने महाविकास अघाड़ी में 5 सीटों की मांग की थी. इनमें धुले सिटी, भिवंडी पूर्व, मानखुर्द, भिवंडी वेस्ट और मालेगांव सेंट्रल सीटें शामिल थीं. आजमी खुद मानखुर्द शिवाजी नगर सीट से MLA हैं और भिवंडी ईस्ट से SP के रईस शेख विधायक हैं. लेकिन शिवसेना (यूबीटी) ने धुले सिटी से पूर्व विधायक अनिल गोटे को मैदान में उतार दिया. उधर कांग्रेस ने मालेगांव सेंट्रल से एजाज बेग और भिवंडी वेस्ट से दयानंद मोतीराम चोरघे को टिकट दे दिया.

अबू आजमी ने 27 अक्टूबर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा था, ''समाजवादी पार्टी नहीं चाहती है की महाराष्ट्र में सेक्युलर वोटों का बंटवारा हो. सपा अभ भी महाविकास अघाड़ी के जवाब का इंतजार कर रही है. सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने कहा है की महाराष्ट्र में सपा की पहले पूरी कोशिश रहेगी की SP गठबंधन के साथ चुनाव लडे. '' उन्होंने आगे कहा था, ''अगर गठबंधन SP को साथ नहीं रखना चाहती है तब सपा वही से चुनाव लड़ेगी जहां उसका संघटन मजबूत है, और वहीं से चुनाव लड़ेगी जहां से गठबंधन को नुक्सान ना हो. साथ में उन्होंने ये भी कहा की 'राजनीति में त्याग की कोई जगह नहीं है'.

# मुंबई के दहिसर में दिवाली की सफाई... 4 लाख के सोने के गहने हो गए चोरी



**मुंबई:** मुंबई के दहिसर की 55 वर्षीय लीना म्हात्रे से दिवाली की सफाई के लिए नोब्रोकर ऐप के जरिए क्लीनर को काम पर रखा 21 अक्टूबर को, म्हात्रे ने सेवा बुक की, और अगली सुबह, दो लोग ऋषिकेश सोसाइटी, जे.एस. रोड, दहिसर ईस्ट में उनके निवास पर पहुँचे। क्लीनर के जाने के बाद, म्हात्रे ने अपनी अलमारी खुली हुई देखी और उनके सोने के गहने गायब थे। ₹4 लाख के सोने के गहने चोरी हो गए।

उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने तुरंत 27 वर्षीय अरबाज खान को मुख्य संदिग्ध के रूप में गिरफ्तार कर लिया। सीसीटीवी फुटेज से दो अन्य संदिग्धों, संतोष ओमप्रकाश यादव और सूफियान नजीर अहमद सौदार की पहचान भी हुई। जांच अधिकारी संदीप गोर्डे ने कहा, ''हम जांच कर रहे हैं कि क्या नोब्रोकर ने इन कर्मचारियों को काम पर रखने से पहले उनका सत्यापन किया था। घटना के बाद से ऐप ने उनकी आईडी ब्लॉक कर दी है। पुलिस ने सभी सेवा कर्मचारियों के लिए पृष्ठभूमि जाँच की आवश्यकता पर जोर दिया, यह देखते हुए कि नियमों के बावजूद पुलिस सत्यापन का अनुपालन कम है। यह घटना सेवा ऐप द्वारा अपर्याप्त कर्मचारी पृष्ठभूमि जाँच से जुड़े जोखिमों और सभी घरेलू सेवाओं के लिए गहन सत्यापन प्रथाओं के महत्व को उजागर करती है।

# धोखाधड़ी मामले में 503 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त !

**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और इसके प्रमोटरों, जयसवाल परिवार से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी मामले के संबंध में 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ईडी ने 24 अक्टूबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत कार्रवाई की, जिसमें महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश की संपत्तियां शामिल हैं। कुर्क की गई संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर और जमीन शामिल हैं, जो कथित तौर पर फर्म के प्रमोटरों से जुड़ी शेल कंपनियों के नाम पर हासिल की गई थीं।




कुर्की आदेश मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और कंपनी के प्रमुख प्रमोटरों और निदेशकों-मनोज जयसवाल, अभिजीत जयसवाल और अभिषेक जयसवाल- के साथ-साथ अन्य सहयोगियों की संपत्तियों को लक्षित करता है। यह कार्रवाई पीएमएलए, 2002 के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच के बाद शुरू की गई थी। मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड की जांच तब शुरू हुई जब यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें जयसवाल परिवार और अन्य प्रमोटरों और निदेशकों पर बैंक के फंड को हड़पने की योजना बनाने का आरोप लगाया गया। शिकायत के अनुसार, कंपनी ने ऋण प्राप्त करने के लिए परियोजना लागत विवरण में हेरफेर किया, और बाद में अनधिकृत उद्देश्यों के लिए धन का दुरुपयोग किया।

# नामांकन के दौरान उम्मीदवारों का शक्ति प्रदर्शन

**मुंबई:** महाराष्ट्र में कल यानी मंगलवार को नामांकन की आखिरी तारीख है और उससे पहले सोमवार को प्रमुख नेताओं ने पर्चे भरे. बारामती सीट को जहां पवार परिवार ने फिर दिलचस्प बना दिया है, तो मानखुर्द सीट भी खूब चर्चा में है. कोई किंगमेकर बनने का दावा कर रहा है तो कोई वोट जिहाद की राजनीति का आरोप लगा रहा है. नामांकन की शक्ति प्रदर्शन रैलियों में हाई-वोल्टेज बयान खूब गूंजे.

बारामती सीट पर अजित पवार का मुकाबला भतीजे युगेंद्र पवार से है. एनसीपी शरद पवार गुट ने युगेंद्र पवार को यहां से टिकट दिया है. पहली बार चुनावी रण में आये युगेंद्र अजित पवार के भाई श्रीनिवास के बेटे हैं. भतीजे से मुकाबले को लेकर अजित पवार ने कहा कि हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है. बारामती से वो अच्छे वोटों से जीतेंगे. हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है. बारामती से मैं अच्छे वोटों से जीतूंगा.

अजित पवार गुट के दो अहम उम्मीदवारों ने भी नामांकन दाखिल किए. कड़े सुरक्षा घेरे के बीच जीशान सिद्दीकी मुंबई के बांद्रा ईस्ट से पर्चा दाखिल करने के लिए पदयात्रा रैली करते पहुंचे. उन्होंने एनडीटीवी से कहा कि पिता के बिना ये चुनाव कठिन है, लेकिन जनता का प्यार उनकी ओर है. अजित पवार गुट से ही पूर्व मंत्री नवाब मलिक के गढ़ अणुशक्ति नगर से उनकी बेटी सना मलिक चुनावी मैदान में उतारी गई हैं.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com